**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**
**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) DECEMBER, 2023**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(First Language)**

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

## (General Instructions for the Examinees)

Candidates should write their Name and Registration No. in their respective answer scripts.

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper. Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए ( *कोई बारह*) : 1×12=12

(i) अंतहुँ तोहि तजैंगे, पामर! तू न तजै अबहीं ते।

(क) पंक्ति के रचयिता कबीरदास हैं। (ख) पंक्ति के रचयिता तुलसीदास हैं।

(ग) पंक्ति के रचयिता केशवदास हैं। (घ) पंक्ति के रचयिता रसखान हैं।

(ii) 'सुजान रसखान' में कितने छन्द हैं?

(क) 170 (ख) 145

(ग) 159 (घ) 125

(iii) हो उठी कोकिला मतवाली! – कोकिला कब मतवाली हो जाती है?

(क) हेमंत ऋतु में (ख) ग्रीष्म ऋतु में

(ग) शिशिर ऋतु में (घ) बसंत ऋतु में

(iv) हीरा कब कारबन लगने लगता है?

(क) मन में संतोष रहने पर (ख) मन में घृणा रहने पर

(ग) मन में लालच रहने पर (घ) मन में नफरत रहने पर

(v) कब से सृष्टि जंगम कहलाया?

(क) जड़ रजकण के गतिमय होने पर (ख) पर्वत टूटने पर

(ग) कमल-दल के मुसकाने पर (घ) सागर सूखने पर

(vi) 'सर्वेश्वर दयाल सक्सेना' 'प्रार्थना' कविता में किससे प्रार्थना करते हैं?

(क) अमीर व्यक्ति से (ख) ईश्वर से

(ग) शासक से (घ) संन्यासी से

(vii) कवि आदमी को अपने पास किस रूप में बुलाना चाहता है?

(क) हँसते शिशु (ख) रोते शिशु

(ग) प्यासे शिशु (घ) भूखे शिशु

(viii) 'बजाय इसके कि और अधिक प्रकाश देखूँ, सारा आनन्द मिट गया।'
–प्रस्तुत कथन के वक्ता कौन हैं?

(क) कविगुरु रवीन्द्रनाथ (ख) हरिभाऊ उपाध्याय

(ग) महात्मा गाँधी (घ) रोम्याँ रोलाँ

(ix) दुकानदार ने हामिद को चिमटे का क्या भाव बताया?

(क) चार पैसे (ख) छः पैसे

(ग) सात पैसे (घ) दस पैसे

(x) फ्लोरा कौन थी?

(क) लेखिका की पालिता कुतिया (ख) लेखिका की बिल्ली

(ग) लेखिका की हरिणी (घ) लेखिका की सेविका

(xi) समाज में किसका अवमूल्यन हुआ है?

(क) परम्पराओं का (ख) मान्यताओं का

(ग) विचारों का (घ) संस्कृति का

(xii) सुबह की बातचीत में 'ग' प्रमुख विषय था। – प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता कौन हैं?

(क) महादेवी वर्मा (ख) विनोबा भावे

(ग) श्यामचरण दुबे (घ) हरिशंकर परसाई

(xiii) 'न्यूटन' कौन थे?

(क) डॉक्टर (ख) वैज्ञानिक

(ग) दार्शनिक (घ) इंजीनियर

(xiv) ज्योतिष की भाषा में 'गैलेक्सी' किसे कहते हैं?

(क) मंदाकिनी को (ख) आकाशगंगा को

(ग) कृत्तिका को (घ) चाँदनी को

(xv) 'मोहसिन' ने ईदगाह से कौन-सा खिलौना खरीदा?

(क) वकील (ख) भिश्ती

(ग) सिपाही (घ) चिमटा

(xvi) बाजार में मिलनेवाली विलासिता की सामग्रियाँ मनुष्य के लिए क्या हैं?

(क) प्रतिष्ठा चिह्न (ख) संस्कृति चिह्न

(ग) शहरी प्रभाव (घ) इनमें से कुछ नहीं

(xvii) अश्क जी द्वारा रचित एकांकी है–

(क) दीप जलेगा (ख) पिंजरा

(ग) चरवाहे (घ) मन्टो मेरा दुशमन

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 20 शब्दों में दीजिए ( *कोई छः*): 2×6=12

(i) कवि रसखान पत्थर के रूप में कहाँ और क्यों रहना चाहते हैं?

(ii) मीरा को प्राप्त धन खर्च होने के बजाय कैसे बढ़ता चला जाता है?

(iii) बबूल और आम में से किसका पेड़ लगाना सही है और क्यों?

(iv) 'लोहे का चना चबाना' से कवि का क्या अभिप्राय है?

(v) कवि सर्वेश्वर मरकर-बिखरकर क्या अर्जित करेगें?

(vi) कवि दिनेश कुशवाह कैसे आदमी से मिलना चाहते हैं?

(vii) शांतिनिकेतन की स्थापना कविगुरु रवीन्द्रनाथ ने किस उद्देश्य से की?

(viii) हामिद ने कैसे रंग जमाया?

(ix) हमारी नयी संस्कृति कैसी है?

(x) प्रकाश वर्ष किसे कहते हैं?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही '*नौ*' प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 50 शब्द में): 4×9=36

(i) पठित पदों के आधार पर तुलसी की भक्ति भावना पर प्रकाश डालिए। 4

(ii) साधु ऐसा चाहिए, जैसा सूप सुभाय।
सार-सार को गहि रहै, थोथा देइ उड़ाय।।

(क) साधु का स्वभाव कैसा होना चाहिए?

(ख) पंक्ति की व्याख्या कीजिए। 1+3=4

(iii) 'हिन्दुस्थान हमारा है' कविता में निहित कवि के भाव को अपने शब्दों में लिखिए। 4

(iv) निम्नलिखित पंक्तियों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए– 4

पर्वतों को काटकर सड़के बना देते हैं वे।
सैकड़ों मरूभूमि में नदियाँ बहा देते हैं वे।।
गर्भ में जल-राशि के बेड़ा चला देते हैं वे।
जंगलों में भी महा-मंगल रचा देते हैं वे।।
भेद नभ-तल का उन्होंने है बहुत बतला दिया।
है उन्होंने ही निकारी तार की सारी क्रिया।।

(v) 'भिक्षुक' कविता के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते है? 4

(vi) कब माँगी गन्ध तुमसे गन्धहीन– फूल ने
कब माँगी कोमलता तीखे खिंचे शूल ने

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन हैं?

(ख) पंक्तियों में निहित भाव को स्पष्ट करें। 1+3=4

(vii) 'इसी काया में मोक्ष' कविता के आधार पर कवि द्वारा प्रस्तुत आदमी की विशेषताएँ बताइये। 4

(viii) पठित पाठ के आधार पर गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 4

(ix) 'लोग आपस में गले मिल रहे हैं।'

(क) प्रस्तुत गद्यांश में किस पर्व का चित्रण किया गया है?

(ख) इस पर्व को मनाने के लिए कौन, कहाँ गया था? 1+3=4

(x) सोना के क्रिया-कलापों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 4

(xi) ''उनमें सम्मोहन की शक्ति है, वशीकरण की भी।''

(क) वशीकरण क्या है?

(ख) कथन का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

(xii) 'निन्दा रस' पाठ में लेखक ने निन्दकों की क्या विशेषताएँ बताई हैं? 4

*अथवा,*

'आकाश के अरबों तारों में से सूर्य-तारा हमारे सबसे नजदीक है।'

(क) प्रस्तुत अंश के रचनाकार कौन है?

(ख) सूर्य तारा के बारे में संक्षेप में जानकारी दीजिए। 1+3=4

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(i) हिन्दी के इन वर्णों का उच्चारण स्थान बतायें : 1×5=5

च, ल, स, फ, म।

(ii) निम्नलिखित शब्दों के संधि-विच्छेद कीजिए : 1×5=5

निषेध, पवन, जगदम्बा, संतोष, मनोविज्ञान

*अथवा,*

समास विग्रह कीजिए एवं उनके नाम लिखिए : 1×5=5

त्रिफला, महात्मा, चंद्रमुख, दिन-दिन, अधर्म।

(iii) निम्नलिखित शब्दों के वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्णय कीजिए : 1×5=5

माला, झंडा, बालिका, बाघ, नौकरानी।

(iv) सर्वनाम किसे कहते हैं? उसके भेदों के बारे में बताइए। 1×5=5

(v) निम्नलिखित वाक्यों में से कारक छाँट कर उनके नाम लिखें : 1×5=5

(क) सुधा की बहन रास्ते में मिली।

(ख) माँ छत पर कपड़े सुखाने गई हैं।

(ग) मैं बस से सिवान के लिए रवाना हुआ।

(घ) मीता ने भिखारी को खाना दिया।

(ङ) अरे! यहाँ से पुस्तक कहाँ गई?

(vi) भाव विस्तार कीजिए : 5

मनुष्य मात्र बन्धु है, यही बड़ा विवेक है।

(vii) अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें उसे पूजावकाश में अपने साथ नैनीताल चलने का निमन्त्रण दिया गया हो। 5

*अथवा,*

मुहल्ले की सड़कों की बदहाली की शिकायत करते हुए नगर निगम के अधिकारी के नाम एक पत्र लिखिए। 5

**5.** किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 350 शब्दों में): 10

(i) अनुशासन का महत्व

(ii) कुटीर उद्योग

(iii) वर्तमान समय में मीडिया का जनजीवन पर प्रभाव

(iv) तापवृद्धि (Global Warming) के खतरे

———